**सुविचार - विद्या वही जो हमें अज्ञान के बंधन से मुक्त कर दे ।**


साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-39 अंक -1 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-14 नवम्बर 2024 मूल्य-5/00 पृष्ठ -8


## साप्ताहिक पिपरिया प्रकाश का 39 वें वर्ष में प्रवेश

पिपरिया नगर की आवाज '' साप्ताहिक पिपरिया प्रकाश '' प्रकाशन के 39 वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। चार दशक से अधिक के सफर में तमाम उतार – चढाव के बीच निरंतर प्रकाशित होने के अपने नियम को बनाएं रखा इसी के साथ जनमानस के आवश्यक मुद्‌दों को भी उठाता रहा है और सच और साहस के साथ जनमानस की बात को आपके बीच सहजता से रखते आया है। बीते वर्षो में विज्ञापन के रूप में सरकारी सहायता नहीं मिलने और महंगाई की चरम सीमा पर आने से अखबार ने कई स्तरों पर हानि झेलते हुए भी अपने प्रकाशित होने के कम को जारी रखा । छोटे अखबारों को वैसे भी सरकारी विज्ञापन बहुत कम ही मिलते है और यदि वह पूरी तरह बंद हो जाए तो प्रकाशित करने में बहुत मुसीबतें आती है। ऐसे में स्थानीय विज्ञापन कुछ हद तक मदद करते है हालांकि इस कम में भी अखबार को उतनी सहायता नहीं मिली पर वह पर्याप्त नहीं थी। कुल मिलाकर आर्थिक स्तर पर तमाम विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी इस अखबार के कई नाम **कैलाश मंडलोई, प्रमोद पुरोहित, श्रद्धा मंडलोई एवं नंदराम सराठे, धनसिंह, पंचम पटैल** है जो पर्दे के पीछे रहकर अखबार को लगातार प्रकाशित किए जाने में अहम भूमिका निभा रहे है। इसी के साथ समाचार एजेंसी सप्रेस, हम समवेत, का सहयोग अतुलनीय है हमारे कॉलमिस्ट जैसे अभिताभ **पांडे,गनपतसिंह राजपूत, डॉ. आर.के. शर्मा, आर.एस. खेमरिया,** ओमप्रकाश सोनी, किशोर डाबर, गोपाल राठी भाई भागीरथ तिवारी एवं उनके साथीयों सहित, पिपरिया नगर की प्रतिष्ठित खसियतें जो समय समय पर अपने विचार कविता व लेख के माध्यम से हमें उपलब्ध कराते रहे है।स्थानीय स्तर पर तमाम विज्ञापन देने वाली समस्त संस्थाओं के मालिकों को सहृदय धन्यवाद । केंद्र व राज्य सरकार से यही अपेक्षा है कि वे आगामी वक्त में अपनी नीतियों को कुछ शिथिल बनाएंगे ताकि छोटे अखबारों को जीवित रखने में उनका योगदान अहम होगा। सरकार छोटे अखबारों के हित में और उन्हें जीवित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगी। पिपरिया प्रकाश अपने पथ पर गतिमान बना रहे इसके लिए इससे जुडे तमाम लेखकों कवियों समाचार एजेंसियो पत्रकारों आलोचकों, शुभचिंतकों समस्त विज्ञापनदाताओं और हमारे शुभचिंतकों से आशा है कि उनका साथ हमें हमेशा मिलता रहेगा। इन 38 वर्षो में हमारे काम से किसी खबर या आलेख से किसी की भावनाएं आहत हुई हो तो हम हृदय से माफी चाहते हैं। पिपरिया की धरा पर लहराता रहे पिपरिया प्रकाश का परचम इसी आशा के साथ आप सभी को शुभकामनाएं एवं ढेंर सारी बधाईयां ...

## माँ नर्मदा नदी को साष्टांग दंडवत करने वाले श्रद्धालुओं को अपने पड़ाव पर मिलेगा भोग उपरांत भोजन प्रसादी

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** पिपरिया प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जय माता दी समिति ने मां नर्मदा में साष्टांग दंडवत करने वाले भक्तों के लिए कार्तिक माह की पूर्णिमा के एक दिन पहले पिपरिया से सांडिया तक भोजन प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। जय माता दी समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी साष्टांग दंडवत करके मां नर्मदा की शरण में जाने वाले मां नर्मदा के भक्तों के लिए दोनों समय भोग के उपरांत मां नर्मदा की प्रसादी की सेवा की व्यवस्था की जा रही है श्रद्धालुओं से निवेदन है कि इसका लाभ लेकर सेवा से भोजन प्रसादी ग्रहण करें। समिति के द्वारा साष्टांग दंडवत करने वाले भक्तों को उनके पड़ाव पर भोजन पहुंचाया जाता है तथा सुबह शाम दोनों समय जो भी सरें भरने वाले भक्त होते हैं सभी को भोजन उपलब्ध कराया जाता है।




–छगन कुशवाहा

## श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज का अन्नकूट महोत्सव संपन्न'

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता ।**भोपाल स्थित रतनपुर सडक किनारे स्थित परिसर में श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज भोपाल इकाई का अन्नकूट महोत्सव समाज की अपनी भूमि पर उत्साह और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया जहाँ भगवान गोवर्धन नाथ की गोमय प्रतिमा की मनोरम झांकी का पूजन अभिषेक सहित उन्हें 56भांति के व्यंजन अर्पित किये गए। इसी तारतम्य में समाज की बाल, युवा एवं नारी शक्ति सहित वरिष्ठ जनों द्वारा ड्राइंग, नृत्य, गायन, दीपक सजावट, स्वास्थ्य उपयोगी सामग्री के स्टॉल, इत्यादि की विविध प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरुस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त कक्षा प्रथम से बारहवीं तक में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वृंदावन की रासलीला के श्रीराधा कृष्ण युगल सरकार द्वारा भक्ति नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति थी।प्रकृति, परस्पर एकजुटता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति कृतसंकल्पित समाज ने सभी सदस्यों विशेषतः युवाओं से समाजिक गतिविधियों में रचनात्मक सहयोग देने के आव्हान और स्वरुचिपूर्ण स्नेहभोज के साथ संपन्न इस गरिमामय कार्यक्रम की भव्य सफलता में समाज के संरक्षक सर्वश्री रमेश व्यास,यशवंत पुरोहित अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, सचिव अमित मंडलोई,कोषाध्यक्ष आलोक व्यास, भूमि भवन समिति संयोजक यदुनन्दन पाठक, सांस्कृतिक सचिव सौरभ व्यास, महिला समिति अध्यक्ष श्वेता व्यास इत्यादि की सराहनीय भूमिका रही।





## बाल विवाह रोकथाम के लिए कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

जनसंपर्क भोपाल।बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक कुप्रथा को रोकने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश में "देवउठनी एकादशी" और अन्य विवाह मुहूर्तों पर शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की संभावना अधिक होती है, इसे रोकने के लिए जन जागरूकता और सख्त कानून का पालन अनिवार्य है।

कलेक्टर ने कहा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह कराने या उसमें सहयोग देने वाले व्यक्ति, संस्था या संगठन को दो वर्ष तक की सजा अथवा एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के आयोजकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने कार्यक्रम में बाल विवाह ना होने का शपथ पत्र कलेक्टर कार्यालय और महिला एवं बाल विकास जिला कार्यालय, भोपाल में जमा करें।

प्रशासन ने प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, कैटर्स, धर्मगुरु, समाज के मुखिया, बैंड वाले, घोड़ी वाले, और ट्रांसपोर्ट सेवाओं से भी अपील की है कि वे विवाह में वर–वधू की आयु प्रमाण पत्र के परीक्षण उपरांत ही अपनी सेवायें प्रदान करें अन्यथा उन्हें भी बाल विवाह के सहयोगी के रूप में जिम्मेदार ठहराया जाएगा। प्रिंटिंग प्रेस वालों से भी अपील की गई है कि वे विवाह पत्रिका में स्पष्ट रूप से वर–वधू के बालिग होने का उल्लेख करें। यदि आपके क्षेत्र में बाल विवाह होता है, तो इसकी सूचना तुरंत एस. डी.एम., तहसीलदार, पुलिस थाना प्रभारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास या आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दें। साथ ही चाइल्ड लाइन के दूरभाष क्रमांक 1098 पर भी इसकी सूचना दी जा सकती है।


PIPARIY fina 14-11-2024 - Copy - Copy.pmd 1 11/13/2024, 6:46 PM

## सम्पादकीय

# बच्चों को दूर रखा जाये मोबाइल से

वर्तमान समय में मोबाइल आम जरूरी सामग्री सा बन गया है पुस्तकों के साथ लेपटाप एवं मोबाइल पढ़ाई का जरूरी सामग्री ही बन गया है स्क्रीन पर ज्यादा देर तक रहने से बच्चों में तनाव देखा जा सकता है उसकी एकाग्रता स्मरण शक्ति विचार क्षमता, चिंतन आदि में प्रभाव पड़ रहा है मानसिक विकास भी कम होता जा रहा है। सहनशीलता, धैर्य की कमी तो आम सी होती जा रही है। मोबाइल बच्चों को सकारात्मक की अपेक्षा नकारात्मकता की ओर ज्यादा खीच रहा है उसके परिणाम घातक भी हो रहे हैं। बच्चों द्वारा दिल दहलाने वाली घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। हमारी आधुनिक शिक्षा पद्धति ने बच्चों को पढ़ाई लिखाई से दूर किया है , केवल देखना सिखाया जा रहा है। आज पढ़ाई करने वाले भी कम होते जा रहे हैं। मोबाइल मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालता है मोबाइल में अश्लीलता कूट-कूट कर भरकर रखी गई है। उसे बड़ी ही सहजता से परोसा जा रहै है इससे अपराध भी बढ़ रहे हैं पैरेंट कंट्रोल कमांड व्यवस्था मोबाइल में कर दी जाये तो सहज-सरलता से मिलने वाली सुविधा में रोक लग सकती है पर पुराने लोगों में यह जागरूकता नहीं है वे कैसे बुराई पर कंट्रोल करें इसे देखना होगा , बच्चों के पढ़ाई लिखाई के मोबाइल में वही सामग्री हो जो बच्चों के लिए जरूरी है उस नियंत्रण से भी बदलाव लाया जा सकता है। बच्चों में संस्कार, नैतिकता का भाव पैदा किया जाये। बच्चों में बगैर सोशल मीडिया एकाउंट वाले फोन ही परोसे जाये तो हम कुछ राहत पा सकते हैं दुखद समाचारों पर रोक लग सकती है ज्यादा देर तक बच्चा मोबाइल पर न रहे, पढ़ाई कक्ष में ही मोबाइल दो, बाहर नहीं, तो कुछ राहत मिल जाएगी।

## गौशाला में श्री मद भागवत कथा के साथ साथ गौ कथा होना भी बड़ी बात है – जालम सिंह पटेल.

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली।** नरसिंहपुर चौगान किला के पास पटकुही ग्राम में जारी सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा मूल पाठ, गौ कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का ओर ब्यास पीठ का पूजन अर्चन कर पुण्य आशीर्वाद प्राप्त किया और गौशाला पहुँचकर गौपूजन भी किया. इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि गोमाता में सभी देवी देवताओं का निवास होता है स यहां पर इस गौशाला में गौमाता की अच्छी सेवा की जा रही है. सभी को गौसेवा करनी चाहिए आश्रम की गौशाला में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन बड़ी बात है ऐसे स्थानों पर कथा होने से आम लोगों के मन में गाय के प्रति स्नेह व सेवा भावना बढ़ती है इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए आयोजक एवं समस्त सहयोगी ज़न वास्तव में साधुवाद के पात्र हैं.

जगमोहन मारियाजी के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पत्रकारों की भी उपस्थिति रही. भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर पत्रकार अतिथि न्यूज के ब्यूरो सतीश लवानिया के परिवार के द्वारा गुड़ के हरिरा का वितरण किया गया ।

-भागीरथ तिवारी

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत

### आज जिले से रामेश्वरम के लिए रवाना होंगे 279 यात्री

जनसंपर्क नर्मदापुरम । उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम एवं नोडल अधिकारी तीर्थयात्रा डॉ बबीता राठौर ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनांतर्गत रामेश्वरम तीर्थयात्रा में जिले के 279 तीर्थयात्री एवं 06 अनुरक्षक जाएंगे। उक्त यात्रा 13 नवम्बर 2024 से 18 नवम्बर 2024 तक की रहेगी। उक्त यात्रा के यात्रियों को नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन से बैठाया जाएगा। बताया गया कि यात्रा से पूर्व यात्रियों को नगरपालिका नर्मदापुरम प्रांगण में बुलाया जाकर टिकिट वितरण की कार्यवाही की जाएगी।

तत्संबंध में उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम एवं नोडल अधिकारी तीर्थयात्रा डॉ बबीता राठौर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी नर्मदापुरम को निर्देश दिए है कि वे 13 नवम्बर बुधवार को सायं 06.00 बजे तक अनिवार्य रूप से आयोजित यात्रा के तीर्थयात्रियों के लिए नगरपालिका प्रांगण में यात्रियों के मान से पूर्व की भांति बैठक व्यवस्था कराई जाना सुनिश्चित करें।

## प्रशासनिक व्यवस्था हेतु एस.डी.एम. की नियुक्ति

नर्मदापुरम। पिपरिया व इटारसी के एस.डी.एम 12 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक अवकाश पर रहेगें, अतः प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रख नर्मदापुरम एस.डी.एम. नीता कोरी को नर्मदापुरम के साथ इटारसी का एस.डी.एम प्रभार दिया गया , वहीं पिपरिया का प्रभाव अनिल कुमार जैन को एस.डी.एम पिपरिया पद पर नियुक्ति की गई। यह आदेश कलेक्टर सोनिया मीना ने दिए हैं।

# भोपालः मंदिर से आभूषण चुराकर फरार हुआ ढोंगी बाबा, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

### पुराने शहर के छोला मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित एक शिव मंदिर से ढोंगी बाबा द्वारा आभूषण चोरी करने की घटना सामने आई है।



भोपाल । पुराने शहर के छोला मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित एक शिव मंदिर से ढोंगी बाबा द्वारा आभूषण चोरी करने की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार, नवजीवन कॉलोनी के शिव मंदिर में एक नवंबर की रात बाबा बालकदास रुका था। उसने मंदिर के गर्भगृह से पीतल का नाग और भगवान की मूर्तियों पर चढ़ाए गए आभूषण चुराए और चुपके से वहां से भाग निकला। चोरी की वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। अगले दिन सुबह मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जब आभूषण गायब देखे, तो सीसीटीवी फुटेज खंगाला, जिसमें बाबा बालकदास को चोरी करते देखा गया। दरअसल, बाबा बालकदास पिछले कई वर्षों से मंदिर में आता-जाता था और पूजा-पाठ करता था, इसलिए कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने उसे रात में मंदिर में ठहरने की अनुमति दे दी थी। बाबा इलाके में घूमकर लोगों से भिक्षा मांगता था, जिसके कारण स्थानीय लोगों के बीच उसकी पहचान भी थी। वहीं मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सूर्यप्रकाश दुबे ने बताया कि पहले बाबा को आसपास के इलाके में ढूंढने की कोशिश की गई, लेकिन जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो छोला थाने में जाकर उसकी शिकायत दर्ज कराई गई। छोला थाने में तैनात एएसआई राजेंद्र यादव ने बताया कि बाबा बालकदास के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

-हम समवेत

## कार्यालय नगर पालिका परिषद पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में तिलक वार्ड, पिपरिया दूरभाष-(07576) 222041
Email id-cmopipariya@mpurban. gov.in

क्रमांक /राजस्व/ 2024/567 **इश्तेहार** पिपरिया दिनांक 12-11-2024

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अन्तर्गत नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुये हैं। सूची में दर्शित संपत्तियों के नामांतरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति/दावा है तो वह यह इश्तेहार जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर कार्यालय नगरपालिका परिषद पिपरिया के राजस्व शाखा में लिखित में दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि उपरांत किसी भी तरह के दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जायेंगे।

| क्र. | दाखिल नाम | खारिज नाम | आधार | वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती माधुरी धाकड़/ स्व. श्री कहर सिंह धाकड़ | श्री डीन बमोरिया/श्री महावीर बमोरिया श्री मार्शल बमोरिया श्री नगेन्द्र बमोरिया | रजिस्ट्री खसरा बी 1 | महाराणा प्रताप वार्ड |
| 2. | श्रीमती सुनीता गुप्ता/ स्व. श्री रजनीश गुप्ता | श्री रमाशंकर गुप्ता/ श्री सुरेशचन्द्र गुप्ता | रजिस्ट्री खसरा बी 1 | राजीव गाँधी वार्ड |
| 3. | श्री सागर चौहान/ श्री गणेश चौहान | 1. श्री गोविन्द शर्मा, श्री कृष्णकुमारी शर्मा/ चन्द्रभूषण शर्मा 2. श्रीमती अनुबाई, श्रीमती कुमुद परसाई श्री चंद्रभूषण शर्मा | रजिस्ट्री खसरा बी 1 | व्ही.व्ही गिरी वार्ड |
| 4. | श्री मोन्टी गुप्ता/ श्री राम गुप्ता | श्री हर्ष कुमार, श्री शोभा देवी श्री राकेश मालपानी | रजिस्ट्री खसरा बी 1 | नेहरू वार्ड |
| 5. | श्री निरपतसिंह पटैल/ श्री जालमसिंह पटैल | श्री कृष्णकांत शर्मा/ श्री रमाकांत शर्मा | रजिस्ट्री खसरा बी 1 | जाकिर हुसैन वार्ड |

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, पिपरिया**
**जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)**


स्वस्थ आहार, स्वाद मजेदार...

**रघुजी नमकीन**

एक विश्वास

रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार **शोभापुर रोड, पिपरिया** Ph.224241,




-**प्रो. संतोष साहू** Mob- 8839911938 **संदीप साहू** Mob- 9425310471

**द्वारका स्वीटस् एवं चाट सेंटर**

डोसा, इडली, बड़ा साबर समोसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां





ताजी लस्सी

मो. 9425310452



(पुड़ी सब्जी-गरमा गरम)

# सरकार की सड़क दुर्घटना के घायलों को निःशुल्क त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना – iRAD @ eDAR पर भोपाल में कार्य प्रगति पर

**सीएमएचओ भोपाल की अध्यक्षता में हुई अंतर्विभागीय बैठक में प्रगति की समीक्षा शासकीय एवं आयुष्मान सम्बद्ध अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, खर्च सरकार उठाएगी**

जनसंपर्क भोपाल।उपचार के अभाव में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु अब बीते दिनों की बात होगी। सरकार शासकीय एवं आयुष्मान संबद्ध अस्पतालों का एक ऐसा देश व्यापी नेटवर्क बना रही है जिसमें सड़क दुर्घटनाओं के घायलों को निःशुल्क त्वरित उपचार मिल सकेगा और इसका खर्च सरकार वहन करेगी।इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस के क्रियान्वयन के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल कार्यालय में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े, नेशनल इनफॉरमेशन सेंटर के श्री मनोज शर्मा, आईआरएडी से श्री गौतम, आयुष्मान भारत निरामयम से श्री अक्षत मंडलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी सम्मिलित हुए।

बैठक में राष्ट्रीय एवं राजमार्गों पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली आकस्मिक मृत्यु को न्यूनतम करने के लिए भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस के विभिन्न पक्षों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम के तहत सड़क दुर्घटना में घायल मरीज को शासन द्वारा निर्धारित, न्यूनतम निश्चित राशि का निःशुल्क उपचार मिल सकेगा। साथ ही सड़क दुर्घटना से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाएं भी सरलीकृत होंगी। बैठक में दुर्घटना में घायल मरीज को जल्द से जल्द उपचार दिलवाने के लिए नजदीकी अस्पताल से टैगिंग, आईआरएडी ऐप के सुचारू उपयोग, डाटा एंट्री, अस्पतालों के पंजीयन इत्यादि के बारे में चर्चा की गई।

बैठक में डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों की टैगिंग प्राथमिकता से की जाए। जिससे कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को उपचार के लिए शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम राशि के अलावा 5 लाख तक के कैशलेस उपचार की अतिरिक्त सुविधा भी मिल सके। **i RAD integrated Road Accident Database** के तौर पर हो रही तैयारी को अब सरकार नें अपने **eDAR (e Detailed Accident Report)** में परिवर्तित कर दिया है। इसके त्वरित क्रियान्वयन की समीक्षा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी द्वारा की गई जिसमे विभागीय नोडल अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े, डॉ. प्रेमेन्द्र शर्मा समेत NIC से श्री मनोज शर्मा, मक्।त्से श्री गौतम डे तथा आयुष्मान भारत निरामयम से श्री अक्षत मंडलोई एवं सुश्री मनु शर्मा भी मौजूद थे। NIC के प्रतिनिधियों द्वारा जानकारी दी कि इसके तहत भोपाल के सभी शासकीय एवं 145 आयुष्मान संबद्ध अस्पताल पंजीकृत किए जा चुके हैं तथा शेष के पंजीकरण की प्रक्रिया प्रगतिरत है। आयुष्मान भारत निरामयम के प्रतिनिधियों द्वारा जानकारी दी गई कि ज्डै–2 की टेस्टिंग का कार्य तीव्रता से चल रहा है तथा शीघ्र ही यह उपयोग हेतु उपलब्ध हो जाएगा।

डॉ. तिवारी द्वारा विभागीय अधिकारियों सुश्री शिल्पा यादव एवं छाया डांगी को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। एनआईसी के प्रतिनिधियों द्वारा इसे भोपाल में पायलट किए जाने का प्रस्ताव रखा जिसे सीएमएचओ द्वारा तुरंत मान लिया गया। भारत एवं मध्य प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भोपाल जिला सदैव से अग्रणी रहा है और इससे उम्मीद की जाती है कि इस योजना के क्रियान्वयन में भी भोपाल एक नज़ीर पेश करेगा।

# पचमढ़ी क्षेत्र में 2 लीटर से कम की प्लास्टिक बोतल को प्रतिबंधित किया गया है

**न्यू होटल को बजट फ्रेंडली बनाया गया है**

**पचमढ़ी में कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन हो रहा है**

**क्लीन पचमढ़ी पर्यटकों को आकर्षित कर रही है**



जनसंपर्क नर्मदापुरम । विश्व प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र पचमढ़ी को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए अभिनव प्रयास किए गए हैं । इसके तहत 2 लीटर से कम की प्लास्टिक बोतल को पचमढ़ी में प्रतिबंधित किया गया है। कैंट बोर्ड साडा क्षेत्र एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के जंगलों में पर्यटक 2 लीटर से कम की प्लास्टिक बोतल इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। पचमढ़ी को प्लास्टिक मुक्त बनाने का यह अभियान विगत एक माह से चल रहा है और इसमें अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। पचमढ़ी क्षेत्र के सभी दुकान में प्लास्टिक की बोतल अब नहीं मिल रही है। पचमढ़ी क्षेत्र के सभी लोग एवं आने वाले पर्यटक पचमढ़ी को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विशेष सहयोग कर रहे हैं। वही साडा के अंतर्गत संचालित न्यू होटल में भी अधो संरचना विकास के कार्य किए जा रहे हैं। न्यू होटल के कमरों का रिनोवेशन का कार्य प्रारंभ किया गया है। साथ ही सिवरेज लाइन एवं वाटर सप्लाई लाइन का भी अभी रिनोवेशन किया जा रहा है। आज कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना स्वयं न्यू होटल पहुंचकर किए जा रहे रिनोवेशन के कार्यों का अवलोकन किया। न्यू होटल को बजट फ्रेंडली बनाया गया है। निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के पर्यटकों के लिए विशेष सुविधाएं देते हुए किराए में वृद्धि नहीं की गई है किराया पूर्ववर्ती रखा गया है। न्यू होटल में एक एसी रूम का किराया 1000 रुपए एवं नॉन एसी का किराया 750 रुपए यथावत रखा गया है। जो निम्न एवं मध्यम वर्ग के पर्यटकों के बजट के अंतर्गत है।

पचमढ़ी में एक और अभिनव पहल की गई है, अब पचमढ़ी का कचरा कैंट बोर्ड के कचरा प्लांट में निष्पादित किया जा रहा है। साडा सीईओ श्री नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि पचमढ़ी साडा एवं एसटीआर का कचरा पृथक पृथक कर गिले एवं सुखे कचरे में विभाजित कर कैंट बोर्ड के कचरा प्लांट में उसे वैज्ञानिक पद्धति से डिस्पोजल किया जा रहा है। यह कार्य 1 नवंबर से प्रारंभ है। इससे पचमढ़ी साफ और क्लीन दिखाई दे रही है। नई एवं बदली हुई पचमढ़ी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

# भोपाल : सीएम हाउस से कुछ मीटर की दूरी पर कारोबारी से हुई लाखों की लूट, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी



भोपाल के श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में 10 नवंबर की रात एक बड़ी लूट की घटना घटी, जिसने शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

भोपाल । श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में 10 नवंबर की रात एक बड़ी लूट की घटना घटी, जिसने शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रात करीब 8.30 बजे पॉलिटेक्निक चौराहे पर एक कारोबारी से 20 लाख रुपए लूट लिए गए।

जानकारी के मुताबिक, अज्ञात बदमाशों ने कारोबारी को घेर कर उस पर हमला किया, मारपीट की और रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि यह घटना मुख्यमंत्री निवास से मात्र 400–500 मीटर की दूरी पर स्थित चौराहे पर हुई, जो शहर की सुरक्षा के लिए एक गंभीर मामला है।

घटना के बाद कारोबारी ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, लेकिन पुलिस की माने तो अभी तक इस मामले में कोई FIR दर्ज नहीं की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उन्हें कारोबारी के बयान के साथ–साथ उसके साथ हुई मारपीट की शिकायत भी मिली है। जिसके बाद घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि वे सभी पकड़े जावेगें । **-हम समवेत**


**Prime Motivation Institute**

एक दशक से नगर की प्रतिभाओं को निखारने में सफल संस्थान, नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी हो, व्यापार छोटा हो या बड़ा हो, आप छात्र-छात्रा हो या व्यवसायी हो, आप युवती हो या गृहणी हो, आप सभी के लिए सफल भविष्य की राह चुनने एवं सफलतापूर्वक अपने मंजिल तक पहुंचने के लिए आपकी आवश्यकतानुसार सभी कोर्सेस एक ही कैंपस में उपलब्ध कराने वाला एक मात्र ट्रेनिंग & प्लेसमेंट सेण्टर......

प्रवेश प्रारंभ

Spoken English & Advance Effective English
Tally ERP.9 With GST | M.S. Office | CPCT
Bank | Railway | SSC | MP Police | Samvida

उपलब्ध सुविधाएं
1. CCTV कैमरे से निगरानी
2. A.C. Classrooms & LAB
3. लाइब्रेरी
4. Printed Notes
5. Digital Classrooms
6. शिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी
7. वीकली टेस्ट
8. Job Counselling
9. Consultancy

Add – Above Malwa Dairy, Cement Road Pipariya
Contact – 9893623179, 9179406595, 9329555595



रजिस्ट्रेशन नं. 9546171019

**किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक**

**डॉ. सुयश शर्मा**
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो
मिलने का समय–
प्रात: 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक

**डॉ.विभा शर्मा**
MBBS,MD,FIPM
मिलने का समय–
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक

नोट – आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें)
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।

उपलब्ध सुविधाएँ–डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर

स्थान–अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया



**भारत स्टेशनरी**

जयप्रकाश शाला के पास पिपरिया मोबाईल –9406561805

**कापीयां, पुस्तक, पेन पेन्सिल, गाईड, स्कूल बैग स्टेशनरी के विक्रेता**


कम्प्यूईराइजड रबर स्टेम्प बनाई जाती है।
फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध है।

–राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## सदाबहार रहें

**-संत राजिन्दरसिंह जी महाराज**



नए साल में हम आने वाले वर्ष के लिए कई संकल्प लेने के बारे में सोचते हैं। हालांकि जब हम संकल्प लेते हैं कि हम अपने स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति या रिश्तों की बेहतर देखभाल करेंगे तो अक्सर देखा जाता है कि हम फिर से जल्दी ही अपनी पुरानी दिनचर्या पर लौट आते हैं। इसलिए हमें चाहिए कि इतनी बड़ी सूची बनाकर उसका उल्लंघन करने के बजाय हम कोई एक संकल्प लें। अगर हम कोई एक महत्त्वपूर्ण बात अपने दिल-दिमाग में रखते हैं तो उसे पूर्ण करने की संभावना ज्यादा होती है। जो लोग आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहते हैं, वे ऐसा कौन-सा लक्ष्य निर्धारित करें कि जिस पर वो टिके रहें और बाकी सारे लक्ष्य भी उसमें शामिल हों। आने वाले वर्ष में यदि हमें एक संकल्प लेना हो तो वह हो सकता है "सदाबहार रहना"।

'सदाबहार' से मतलब है कि हमेशा-हमेशा की खुशी व शांति को पाना। जब हम ध्यान-अभ्यास के द्वारा अपने अंतर में प्रभु की ज्योति व श्रुति से जुडते हैं, तो हम हमेशा खुश व शांत रहते हैं क्योंकि इसके द्वारा हम स्वयं को आत्मिक रूप में जान जाते हैं कि हमारी आत्मा परमात्मा की अंश है और वह चेतनता, खुशी, प्रेम और ज्योति से भरपूर है। यह संकल्प उन सभी दूसरे लक्ष्यों को भी शामिल करता है जो आमतौर पर हम चाहते हैं।

रोज़ाना ध्यान-अभ्यास करने से हमारी आत्मा परमात्मा के देश जाने के लिए पाक और पवित्र हो जाती है। हम उन सभी अवगुणों को अपने अंदर से निकाल देते हैं जो हमें परमात्मा को पाने और नैतिक गुणों को अपनाने से दूर रखते हैं।

निष्काम सेवा भी हमें सदाबहार अर्थात अंदर से हमेशा खुश रखती है। जब हम निष्काम भाव से किसी की मदद करते हैं, तब हम अपने लिए कोई नया कर्म नहीं बनाते। सेवा करके हम प्रभु के दिव्य-प्रेम से जुड़ने के लिए ग्रहणशील होते हैं। जब हम दूसरों की सेवा करते हैं और उनका ख्याल रखते हैं तो ऐसा करके हम इस दुनिया में प्रेम व शांति फैला सकते हैं। हम फिर ऐसे कार्यों में व्यस्त हो जाते हैं जिनसे हमारा ध्यान सिर्फ परमात्मा में हर समय लगा रहता है। हमारा अहंकार और नकारात्मक विचार हमसे दूर रहते हैं, जिससे कि हमें परमात्मा के पास वापिस जाने में मदद मिलती है किसी पूर्ण गुरु का सत्संग सुनने से भी हम सदाबहार रह सकते हैं। हम आध्यात्मिक शिक्षाओं को सत्संग प्रवचनों, आध्यात्मिक पुस्तकों, ऑडियो -विडियो और सत्गुरु के उभारने वाले वातावरण के ज़रिये अपनी आत्मा को प्रभु के पथ पर लगाने के लिए उभार दे सकते हैं।

इस वर्ष अगर हम सदाबहार रहने का एक महत्त्वपूर्ण संकल्प लें तो बाकी सारे संकल्प अपने आप इसमें समा जाएंगे। फिर हमें एक ही लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। यदि हम ऐसा करेंगे तो इसी जीवन में हम अपनी आत्मा का मिलाप पिता-परमेश्वर से करवा सकते हैं।


**दुकान व हाल किराये से देना है**



1 ) हाल साइज 25X 50 बैंक ,आफिस व माल हेतु
2 ) बेसमेन्ट साइज। 25X 50 बैंक आफिस व माल हेतु
3 ) दुकान साइज 10X12
मेन रोड पर प्राइम लोकेशन पर सर्वसुविधायुक्त है ।

**स्थान -सिद्धेश्वर काम्पलेक्स, पचमढ़ी रोड नाके के पास, पिपरिया मो. 744888484**



**चन्द्रकान्त अग्रवाल**

(कर सलाहकार)

**उपलब्ध सेवाएं** -इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य
(2) **लाईफ एंशुरेन्स**-पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस
(3) **हेल्थ एंशुरेन्स**-केयर हैल्थ एवं नीवा बूपा हैल्थ एन्शुरेंस
**सम्पर्क करें - दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन कम्पाउन्ड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड मो. 9893803544**


## दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह महाराज जी का जन्म उत्सव मनाया

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी ।** बनखेड़ी कृपाल आश्रम रायपुर हिरापुर में शामिल हुए जबलपुर से आएं प्रचारक नोखेलाल जी ने संतों की महिमा पर प्रकाश डाला संगत को गुरुवाणी से गुरु के शिष्यों को दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह महाराज जी को याद करते हुए ध्यान अभ्यास का महत्व बताया इस अवसर पर आश्रम प्रबंधन कमेटी एवं आस पास के ग्राम से आएं हुए सेवादारों ने व्यवस्था बनाए रखने में मदद की हर्षोल्लास के साथ महाराज जी का जन्म उत्सव मनाया गया जिसमें अध्यक्ष सोवरन कौरव सचिव तरवरसिंह कौरव और सेवादार की मुख्य भूमिका निभा रहे सेवादार गुरु के शिष्य आशीष कौरव रमेश कुमार कौरव जबलपुर से शामिल हुए सेवादार अजय बांके इन्दलपाल कृपाल आश्रम बाचावानी की संगत प्रचारक धनश्याम सोनी धनश्याम पटेल कोषाध्यक्ष पूर्व शिक्षक गणेश प्रसाद पटेल सचिव नेतराम पटेल उपाध्यक्ष लखनलाल बड़कुर राजेन्द्र प्रसाद पटेल राजा खुटिया गोविन्द सोनी सेवादार कृष्ण पाल ठाकुर राजपाल यादव और क्षेत्र की बड़ी संख्या में संगत ने महाराज जी के जन्मदिवस पर शामिल होकर स्वच्छ सन्देश और शुभकामनाएं बधाई दी ।



## नो दिवसीय त्रिस्तरीय सामाजिक अंकेक्षण कार्य समाप्त सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का पंचायत भवन नांदिया में आयोजन आज,

### !! विशेष ग्राम सभा में प्रतुत की जाएगी अंकेक्षण रिपोर्ट !!



पिपरिया– कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुजान सिंह रावत के आदेश अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुमन खातरकर एवं जिला समन्वयक राजेश ठाकुर के निर्देशन में विकासखंड समन्वयक राजेश कुमार ग्यारसे के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत नांदिया में शनिवार 2 नवंबर 2024 दिन शनिवार से 10 नवंबर दिन रविवार तक सतपुड़ा आंचल के वनांचल ग्राम नांदिया मे ग्राम सामाजिक एनिमेटर बृजेश मेहरा, श्रीमती गीता मेहरा, कुमारी नसरीन खान द्वारा ग्राम पंचायत की सामाजिक संपरीक्षा समिति के साथ ग्राम पंचायत नांदिया एवं सम्मिलित ग्राम सूपडोगर साकरी चूरनी में ऑडिट ऑफ स्कीम रूल्स 2011मैं निहित् प्रावधानों के तहत संपादित किया गया। जिसकी सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन मध्य प्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 6(1) में निहित प्रावधानों के अंतर्गत आज पंचायत मुख्यालय नांदिया में ग्राम सभा के नोडल अधिकारी राजस्व विभाग की पटवारी श्वेता राठौड़ एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में किया जावेगा ग्राम सभा में क्रियान्वयन एजेंसी से जुड़े सरपंच कमलवती प्रभारी सचिव विनोद ठाकुर ग्राम रोजगार सहायक धर्मेद्र उईके एवं ग्रामीण जन प्रतिभागिता करेंगे। एवं ग्राम सभा की कार्यवाही को शिक्षक गोविंद पटेल लिपिबद्ध करेंगे।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत नांदिया द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021–2022, 2022–2023 एवं 2023 –2024 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत छब्बीस प्रधानमंत्री आवास,सत्रह खेत तालाब, एक कपिलधारा कूप निर्माण कार्य, तीन नाला सफाई एक सीसी रोड दो स्वच्छता परिसर एक नाडेप निर्माण कार्य एक तालाब निर्माण कार्य दो निर्मल नीर एक मां की बगिया एक वृक्षारोपण एक तालाब जीर्णोद्धार तीन अमृत सरोवर एवं एक स्टाफ डेम पर कार्यों पर वर्तमान अवधि तक राशि 98 लाख 94 हजार 407 रुपए का व्यय किया गया है। तथा वर्ष के दौरान तैतीस लाख नभासी हजार तीन सौ पच्चीस रुपए का निर्माण कार्यों पर व्यय किया गया था।


नित नई फैशन खुल गई ! खुल गई !! खुल गई !!!
बिना झिझक के खरीदे



**बिना झिझक के खरीदें -सिर्फ महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा**

आपके अपने पिपरिया शहर में महिलाओं द्वारा सिर्फ महिलाओं के लिए महिला अंग वस्त्रों की सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध हमारे यहां सभी प्रकार की फैंसी ब्रा, पेरिस ब्यूटी, टी नजर, शायोनारा, 16 प्लस, लबेबल, ट्विक्सी, सिम्पलैक्स और भी कम्पनियों के - बेडिंग स्पेशल दुल्हनों के शापी का शानवदार सम्पूर्ण पैकेज वार्डल ब्रा पेटी सेट, बडिल, गाऊन सेट, दुल्हन, गाऊन और भी बहुत कुछ दुल्हनों के लिए । हमारे यहां जीन्स, टॉप, टी-शर्ट, स्टाल, लोअर, लेगी, सूट सेट, पिलाजो, नाईट गाऊन, गाऊन ए-1 गाऊन, कुर्ते, जेकिट

**परम्परा कलेक्शन**

दुकान नं. 6 जय प्रकाश शापिंग काम्पलेक्स, पिपरिया
मो. 8109570880, 9893570880



**विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर**

हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
**मिलने का स्थान -**
**यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें ।**







**गोपी गहना**

चांदी, सोना के आभूषण विक्रेता
अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास
पुलिया के सामने पहली दुकान ।
फोन-(07576) 220502, मो. 9425475981, 7693075981

## कम लागत में श्रेष्ठ परिणाम देती है पंचमहाभूत कृषि पद्धति

( अमिताभ पाण्डेय )

भोपाल । देशभर मे टीसीबीटी जहरमुक्त पंचमहाभूत खेती कर रहे प्रमुख प्रगतिशील किसानो की राष्ट्रीय चिंतन व कार्य निर्धारण को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला भोपाल में सम्पन्न हो गई । कार्यशाला राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर विधवंस की अध्यक्षता व कृषि गुरू ताराचंद बेलजी के सानिध्य मे माधव आश्रम प्रांगण मे आयोजित हुई।



इस अवसर पर कृषिगुरू व टीसीबीटी कृषि पद्धति के प्रणेता ताराचंद बेलजी ने बताया कि पिछले दो दशकों से लगातार किये जा रहे अनुसंधान के फलस्वरूप अब तक देशभर के अलग-अलग क्षैत्रो व अलग फसलो मे अभी तक 38 फसलो मे रिकार्ड उत्पादन लेने सफलता हासिल कर चुके और देशभर मे हजारो किसान टीसीबीटी पंचमहाभूत कृषि पद्धति से केमिकल रसायन व अन्य कृषि पद्धतियो की तुलना मे कम खर्च मे अधिक उत्पादन ले रहे है।

अब और अधिक किसानो तक पहुंच बढाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बहुआयामी विस्तार पद्धति की आवश्यकता हो रही है। इसके तहत टी सी बी टी वृक्षायुर्वेद विद्यापीठ निर्माण, प्राकृतिक खेती शोध संस्थान बालाघाट का राष्ट्रीय स्तर विस्तार कर संगठन बनाने, सभी प्रमुख सफल किसानो के खेतो पर टीसीबीटी किसान पाठशाला संचालन, वृक्षायुर्वेद प्रैक्टिशनरो की नियुक्ति, टीसीबीटी किसान मित्र व खेती मे सहयोग हेतु प्रशिक्षित श्रमिक प्रशिक्षण सहित टीसीबीटी कृषि पद्धति मे नीति निर्धारण के प्रस्ताव रखे। जिस पर उपस्थित सभी किसानों ने सहमति व्यक्त की।

कार्यशाला के दौरान टीसीबीटी कृषि पद्धति मे अग्निहोत्र, ऊर्जा जल, कुणव जल, हाई सी एन रेशियो,फसल घुट्टी, अन्न द्रव्य रसायन, स्वर्ण जल, रजत जल, फसल सुरक्षा किट के बारे में अधिक से अधिक जानकारी किसानों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

इसके साथ ही किसानों की सामुहिक सहभागिता बढाने एवं किसान उत्पादक संगठनो व एफपीओ स्तर पर तकनीक हस्तांतरण योजना संबंधी काम करना तय किया।

संगठन विस्तार के तहत प्राकृतिक खेती शोध संस्था के संरक्षक गुरूजी ताराचंद बेलजी, राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर माननीय सुधीर विधवंस, उपाध्यक्ष लेखराम यादव, मध्यप्रदेश अध्यक्ष लखन यादव, हरियाणा प्रदेश संयोजक कृष्ण शर्मा, संभागो के तहत जोधपुर संभाग



संयोजक प्रहलाद सियोल गुड्डामालानी, इंदोर संभाग संयोजक बाबुलाल काग, जबलपुर नरेश कुमार गोल्हानी, जिला संयोजको मे नंदुरबार जिला संयोजक शिव शंकर पाटिल, बुरहानपुर जिला संयोजक नाना पाटिल नियुक्त किये गये। इस दौरान मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, छतीसगढ राज्यो के सफल टीसीबीटी पंचमहाभूत खेती किसान उपस्थित रहे।

## खराब तथा जले ट्रांसफार्मर की शिकायत 1912 पर करें

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता कॉल सेंटर 1912 पर खराब तथा जले वितरण ट्रांसफार्मर की शिकायत करके उसका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा है कि कंपनी निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए हमेशा तत्पर है। शहरी अथवा ग्रामीण उपभोक्ता 1912 का उपयोग कर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की त्वरित सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।


**कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर**

के सोने व चांदी की

शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete

मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध

ब्लॉक साइज -

लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्चा कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- समृद्धि प्लास्टिक्स
- पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- LED लाईट्स
- कंस्ट्रक्शन केमिकल
- सुप्रीमो पानी की टंकिया
- RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- LED लाईट्स
- समस्त हार्डवेयर
- CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें

**गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी** मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया

मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राइटर- आनंदा गट्टानी


## नर्मदापुरम में आयोजित होगा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, डिस्प्ले एवं सेलिंग प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए पंजीकरण शुरू

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मध्यप्रदेश शासन के औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग (DIPIP) तथा मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (MPIDC) द्वारा नर्मदापुरम में आगामी 07 दिसम्बर 2024 को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस कॉन्क्लेव के अंतर्गत एक डिस्प्ले एवं सेलिंग प्रदर्शनी (EÛhibition cum Sale) का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें उद्योगपति और उत्पादक अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने का अवसर प्राप्त करेंगे।

प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए इच्छुक कंपनियां एवं उत्पादको को 3 x 3 मीटर के स्टॉल उपलब्ध कराया जाएगा। पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन है और इसके लिए एक विशेष लिंक उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक उत्पादक https:@@invest-mp-gov-in@public&service@ eÛhibitorev@ narmadapuram& eÛhibitor&form fyad पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन स्वीकार किये जाने पर, संबंधित आवेदनकर्ताओं को 02 दिसम्बर 2024 तक सूचित कर दिया जाएगा।

यह आयोजन उद्योगों, उत्पादकों और व्यापारियों को अपने उत्पादों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा और नर्मदापुरम क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा। कॉन्क्लेव का आयोजन संभागीय आईटीआई, नर्मदापुरम में किया जाएगा। अन्य जानकारी के लिए मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (MPIDC) औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग (DIPIP), मध्यप्रदेश शासन पर संपर्क किया जा सकता है।

## नर्मदापुरम् नरसिंहपुर क्षेत्र के सांसद चौधरी दर्शनसिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया सोमनाथ ट्रेन को रवाना

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** पिपरिया जबलपुर रेल मंडल के बनखेड़ी स्टेशन पर बुधवार 6 नवंबर को शाम 4.15 बजे जबलपुर से वेरावल के बीच चलने वाली सोमनाथ ट्रेन नंबर 11464 का स्टापेज कार्यक्रम आयोजित हुआ । इस कार्यक्रम में नर्मदापुरम क्षेत्र के मा.सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्य सभा सांसद मीरा नारोलिया एवं पिपरिया विधायक



ठाकुरदास नागवंशी सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने सांसद सहित सभी जनप्रतिनिधियों का फूलमाला पहनकर स्वागत किया । और ट्रेन सुविधा दिलाने के प्रति आभार भी जताया । ट्रेन स्टॉपेज के बाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने समारोह को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी का धन्यवाद जताया और कहा जनता ने बिना मांगे उन्हें संसद पहुंचाया है । अब मेरी जवाबदारी है कि नागरिकों की समस्याओं का निराकरण क्षेत्र का विकास करना। उन्होंने कहा कि मंच पर बैठे सभी प्रतिनिधि जनता की मांग के अनुरूप आगे काम करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल सहित रेलवे की मुख्य अधिकारी मंचासीन रहे। अतिथियों का स्वागत अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर द्वारा किया गया । सोमनाथ ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के पूर्व गाड़ी के चालक एवं परिचालक का स्वागत चौधरी द्वारा किया गया एवं सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना करने के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस ठहराव के लिए रेलवे को धन्यवाद दिया । इस अवसर पर सांसद चौधरी ने कहा कि आज से अब इस नई गाड़ी के रुकने से बनखेड़ी क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी।

जबलपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11464 का बनखेड़ी स्टेशन में आगमन शाम 04:15 बजे तथा वेरावल से वापसी मे गाड़ी संख्या 11463 का बनखेड़ी स्टेशन में आगमन सुबह 10:29 बजे रहेगा। इस कार्यक्रम में रेलवे अधिकारी सीनियर डीसीएम डॉ. मधुर वर्मा, एसीएम अखिलेश कुमार नायक एवं ग्रेसियस नाजरत उपस्थित थे।


ए.एस. खुराना बी.एस.सी./डी.ओ.आर.

मो. 7747022369 8871443275

**मनु आई केयर** एण्ड ऑप्टीकल्स

हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।

एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

।। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

ऋषि चिंतन के सान्निध्य में

## सर्वत्र अपना ही प्राण बिखरा पड़ा है


गायत्री की शिक्षा है कि अपनी आत्मा को सब में और सबकी आत्मा को अपने में समाई हुई देखो। अपना वही लाभ स्वीकार करो, जो समाज के लाभ का एक भाग है। अपने जिस कार्य से औरों की हानि होती है, बहुसंख्यक नागरिकों पर जिसका बुरा प्रभाव पड़ता है, ऐसा लाभ सर्वथा त्याज्य है। इसलिए दूसरों के दुःख को अपना दुःख समझना चाहिए।

जिस व्यवहार को हम अपने लिए उचित नहीं समझते, उसे दूसरों के साथ नहीं करना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य चाहता है कि मेरे साथ दूसरे लोभ दुर्व्यवहार न करें। चोरी, ठगी, विश्वासघात, छल, उद्दंडता, निष्ठुरता, बेईमानी, अनुदारता का व्यवहार उसके साथ न हो, वरन् मधुरता, नम्रता, उदारता, सच्चाई एवं सहायता की नीति बरती जाए।

स्मरण रखना चाहिए कि जब हम दूसरों के साथ ऐसा व्यवहार करेंगे, तो हमें भी ऐसा प्रतिफल मिलेगा। जो बोएंगे वही काटेंगे। यदि वैसा ही व्यवहार हमारे साथ दूसरे न भी करें, तो भी विश्वव्यापी आत्मा को हमारे सद्व्यवहार से जो सुख मिलेगा, वह आंशिक और अप्रत्यक्ष रूप से अपने को ही तो मिला, क्योंकि अंततः सभी आत्माएं एक दूसरे से संबंधित है। किसी को छोटा या नीच समझना अनात्मवाद है। गायत्री कहती है कि हम आत्मा हैं, इसलिए हमारा सर्वोपरि स्वार्थ आत्मपरायणता में है, हमें आत्मवादी बनना चाहिए और आत्मकल्याण एवं आत्मगौरव की चिंता करनी चाहिए।


-अखण्ड ज्योति फरवरी1951 पृष्ठ -6


## प्रकाश डिजिटल फोटो स्टूडियो



पाठक जी की चाल

सांडिया रोड, पिपरिया



शादी, जन्मदिन, अन्य पार्टियों एवं कार्न्फेस के लिए पिपरिया शहर में पहली बार प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है



अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।

## विजय ज्वेलर्स



मेन रोड, पिपरिया

जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन-मो. 9425475530



## पानी की किल्लत से छुटकारा........

अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें।

पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम

4" से 24" ट्यूबलेल बोरिंग, पाईप, सबमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान



## महावीर पाइप्स

गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया

मो. 9425040827, 9806593136



करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।

न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।

नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाबर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला।

साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।

## न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर

3-4 ललित आर्केड, मीठी गली, पिपरिया


कहानी

# कपटी का अंत बुरा होता है

सेठ बीमार पड़ा और अच्छे-अच्छे हकीम तथा वैद्य उसकी दवा-दारू करने लगे, परन्तु सेठ को आराम मिलना तो दूर रहा उसकी बीमारी दिनोंदिन बढ़ती गई।

जब हकीम और वैद्य दवा-दारू करते-करते थक गए तो उन्होंने एक दिन सेठ को साफ़-साफ़ जवाब दे दिया बीमारी घेरी है आप बचेंगे नहीं, दवा-दारू करना बेकार है। हकीम और वैद्यों का वह जवाब सूना तो सेठ बहुत घबड़ाया और लगा गिड़-गिड़ाकर देवता को पुकारने-हे महाशय यदि आपको एक हजार मोहर चढ़ाऊँ तो......... सेठ को इस पुकार पर सेठानी बहुत घबराई और बोली-देखिए।

आप अच्छे हो जायें तो देवता को एक हजार मोहर चढ़ाने का ध्यान अवश्य रखिये। सेठ ने बिगड़कर कहा-बेकार घबराती हो ! देवता को मोहर चढ़ाने का ध्यान क्यों रखूंगा ? अच्छा हो जाऊं तो एक हजार क्या दो हजार मोहरे चढ़ा दूंगा। भला प्राणों के सामने मोहर की कीमत ही क्या है, समझी ?

कुछ दिन बाद सेठ सचमुच बिना दवा-दारू के ही अच्छा हो गया और चलने फिरने लगा। परन्तु उसे मानो देवता के मोहरें चढ़ाने का स्मरण ही न रहा।

यह देखकर सेठानी ने उससे कहा-अब चढ़ा दीजिए न देवता को एक हजार मोहरें ? सेठ ने उत्तर दिया-ओह! मुझे तो सुध ही नहीं रही थी। तुमने अच्छी याद दिलाई। बस कल ही लो, देवता को आटे की एक हजार गोलियां चढ़ा दूंगा-पूरी एक हजार।

सेठानी घबड़ाकर बोली-कहते क्या हो ? देवता को आटे की गोलियां! सोने की मोहरें के बदले आटे की गोलियां ?

सेठ ने हंसकर कहा-जानती समझती तो कुछ नहीं, बेकार को घबड़ाकर बोली-कहते क्या हो ?

देवता के लिए जैसे सोने की मोहरें वैसे आटे की गोलियां। वे तो केवल पूजा चाहते हैं और पाते प्रसन्न हो जाते हैं।

सेठानी गिड़-गिड़ाकर बोली-ऐसा न करो। जो कह चुके हो वही करो। घर में भगवान का दिया हुआ सब कुछ तो है, फिर देवता को अप्रसन्न करने की क्या आवश्यकता है ?

सेठ झुंझलाकर बोला-क्यों बेकार बक-बक करती हो। मैंने अच्छे-अच्छे लोगों को बुद्धू बनाया है। ये बेकार देवता किस गिनती में है। अप्रसन्न हो भी जायेंगे तो क्या बिगाड़ लेंगे ?

सेठ ने सचमुच दूसरे दिन देवता को आटे की एक हजार गोलियां चढ़ा दी।

रात को सपने में उसे एक बहुत ने दर्शन दिए और उससे कहा - आज तूने, देवता की जो पूजा की है। वह, उनको प्रसन्न आई है और वे तुझ पर बहुत प्रसन्न हैं। बस तू सबेरा होते ही अमुक जंगल में जा। वहां धरती खोदने पर मुझसे हजारों क्या लाखों मोहरें मिलेगी।

अब सेठ को खुशी का क्या कहना था। वह सबेरा होते ही उस जंगल में जा पहुंचा। वहां चोरों का राज्य था। चोरों ने उसे देखते ही पकड़ लिया। चोरों के हाथ पकड़े जाने पर वो बहुत रोया-गिड़गिड़या और बोला-भाइयों! कृपा कर मुझे छोड़ दो।चाहो तो मुझसे हजार दो हजार मोहरों भले ही ले लो।

**साभार-नैतिक कहानी**


## पिपरिया डेन्टल क्लीनिक

(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

## सुपर सिलेक्शन

मेन रोड थाने के सामने पिपरिया



आधुनिक युग का

## महाराजा सेप्टिंक टैंक

40 वर्षों का पुख्ता अनुभव

रेडीमेड सस्ता शौचालय

सम्पर्क- अशोक कुमार जैन शिव मंदिर

पचमढ़ी रोड, पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम

मो. 9713333646, 9407558711



## मकान किराये से देना है।

1600 वर्गफुट (20X 80) एवं 1500 वर्गफुट (30 X 50) साइज की दुकान फर्नीचर सहित कम्पलीट किराये से देना है जो मुख्य सड़क मार्ग सिलारी में समैया पेट्रोल पम्प के बाजू में स्थित है। पार्किंग सुविधा भी उपलब्ध है। अस्पताल/माल/बैंक/फायनेंस कम्पनी को प्राथमिकता रहेगी। सम्पर्क सूत्र- मो. 9589218990



## मे. शुभम् ट्रेडर्स

क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है, समस्या आपकी, समाधान हमारा

कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम

**अधिकृत विक्रय-**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामेना सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3" से 12" साइजों में उपलब्ध ✲ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें। अपने पैसों से सही सुविधा पायें।।

निवास-गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326

# उच्च शिक्षा संस्थानों में अब पढ़ना हुआ आसान, पीएम विद्यालक्ष्मी योजना से मिलेगा शिक्षा ऋण का लाभ

उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले देश के मेधावी विद्यार्थियों के लिए केंद्र सरकार ने एक नई पहल की है।



उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले देश के मेधावी विद्यार्थियों के लिए केंद्र सरकार ने एक नई पहल की है। पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के अंतर्गत विद्यार्थी बिना किसी गारंटी और गिरवी के शिक्षा ऋण प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना का उद्देश्य देश के युवाओं को आर्थिक बाधाओं के बिना उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना है ताकि वे अपनी प्रतिभा और मेधा के अनुरूप सर्वोच्च शैक्षिक संस्थानों में पढ़ाई कर सकें।

इस योजना के तहत विद्यार्थियों को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे देश के 860 से अधिक शीर्ष सार्वजनिक और निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेकर अपनी शिक्षा पूरी कर सकेंगे। योजना में ट्यूशन फीस सहित पाठ्यक्रम से संबंधित अन्य खर्चों को भी कवर किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान आर्थिक चिंताओं का सामना न करना पड़े।

पीएम विद्यालक्ष्मी योजना की एक विशेषता यह भी है कि सरकार 7.5 लाख रुपये तक के ऋण पर 75 प्रतिशत तक की क्रेडिट गारंटी प्रदान करेगी, जिससे बैंकों के लिए भी विद्यार्थियों को ऋण देना आसान होगा। इसके अतिरिक्त, जिन विद्यार्थियों की वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये तक है और जो अन्य किसी सरकारी छात्रवृत्ति या ब्याज छूट योजनाओं के तहत लाभ के पात्र नहीं हैं, उन्हें 10 लाख रुपये तक के ऋण पर अधिस्थगन अवधि के दौरान 3 प्रतिशत की ब्याज छूट भी प्रदान की जाएगी।

इस योजना को पूरी तरह से डिजिटल और अंतर–संचालनीय बनाया गया है। इसके लिए 'पीएम– विद्यालक्ष्मी' नामक एक एकीकृत पोर्टल भी उपलब्ध है, जहां विद्यार्थी सरल आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न बैंकों के ऋण और ब्याज छूट के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस पोर्टल पर एक ही स्थान से सभी आवश्यक जानकारी और आवेदन प्रक्रिया को पूरा किया जा सकेगा। इसके अलावा, विद्यार्थियों को ब्याज छूट का भुगतान ई–वाउचर और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) वालेट के माध्यम से किया जाएगा, जो इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाता है।

-हम समवेत

# गीतोपनिषद



इस प्रकार कर्मयोगी के लिये कर्मों के न करने को योगनिष्ठा की प्राप्ति में बाधक और सांख्ययोगी के लिये सिद्धिकी प्राप्ति में कर्मों के त्याग को गौण बतलाकर, अब अर्जुन को कर्तव्य कर्मों में प्रवृत्ति करने के उद्देश्य से भिन्न-भिन्न हेतुओं से कर्म करने की आवश्यकता सिद्ध करने के लिये पहले कर्मों के सर्वथा त्याग को अशक्य बतलाते हैं -

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥5॥

निःसंदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किये नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृतिजनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिये बाध्य किया जाता है ॥5॥

भाव यह है कि मनुष्य का जब तक शरीर रहता है तब तक अपनी प्रकृति के अनुसार बाह्य अथवा आंतरिक अंगों द्वारा कुछ न कुछ कर्म (क्रिया) करता ही रहता है , क्षण भर भी कभी स्वरूप से कर्मों का त्याग नहीं कर सकता।

अतः इसमें कर्तापन, ममता, आसक्ति फलेच्छा का त्याग कर देना ही उनका सर्वथा त्याग कर देना है। यहाँ पर 'सर्वः' पद सभी प्राणियों का वाचक होते हुये भी मुख्य रूप से 'मनुष्य समुदाय' का वाचक समझना चाहिये, क्योंकि कर्मों में मनुष्य का ही अधिकार है।

यहाँ 'प्रकृति' शब्द समस्त गुणों-विकारों के समुदाय रूप इस जड़ दृश्य-जगत् की कारणभूता जो भगवान की अनादि सिद्ध मूल प्रकृति है - जिसको अव्यक्त और महद्ब्रह्म भी कहते हैं - उसी का वाचक है। तीनों गुण प्रकृति के कार्य हैं।

इन्हीं गुणों के वशीभूत हो मनुष्य कर्म करने के लिये बाध्य किया जाता है।

**मनोज कुमार पांडेय (संस्कृताध्यापक)**
शास. कन्या उ.मा. वि. पिपरिया
मो. 9926437890

**किराए पर हाल उपलब्ध**
काबरा कालौनी में प्राइम लोकेशन के साथ प्रथम तल पर 1250 वर्गफुट का हॉल किराए पर देना है। कोचिंग आदि के लिए उपयुक्त स्थान हैं। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।
मो. -9425708959

मो. 9893331604
**माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स**
सीमेंट रोड, पिपरिया
अधिकृत विक्रेता
नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल

**बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन**
फोन- 222664, 224664
अधिकृत विक्रेता
My Cem Cement
श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया

**विकी हार्डवेयर स्टोर्स**
फोन कार्यालय 224664,
निवास- 222664मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता

विश्वसनीयता ॥ श्री महावीराय नमः ॥ उचित दाम
**श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स**
(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)
हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है।
असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।
सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया
प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

**न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट**
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला-होशंगाबाद (म.प्र.)
Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।

**पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय**
श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया
❊पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील
❊ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श
❊ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण
❊ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए
औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक
यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।
ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाए ।स्वस्थ जीवन पाएं ॥

अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट
**राज ट्रेडर्स**
मो. 9806969697, 9893692487, 9644200339
कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया
होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध
लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड
डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए
ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।

## राजस्व एवं पुलिस बल ने बांद्राभान में अवैध अतिक्रमण को हटाया, अवैध शराब एवं देह व्यापार जैसी शिकायत पर की गई कार्यवाही

जनसंपर्क नर्मदापुरम । शुक्रवार को तहसीलदार ग्रामीण नर्मदा पुरम श्री दिव्यांशु नामदेव के नेतृत्व में राजस्व अमले एवं पुलिस बल ने संयुक्त प्रभावशील कार्रवाई करते हुए बांद्रा भान में हाईवे से लगे अवैध झोपड़ी नुमानी टपरे का अतिक्रमण हटाया। उल्लेखनीय है कि यहां पर विगत कुछ दिनों से अवैध शराब बिक्री होने, शराबियों का जमघट लगने एवं असामाजिक तत्वों के द्वारा डेरा जमाए जाने तथा देह व्यापार जैसी अनैतिक गतिविधियों की सूचना प्राप्त हो रही थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार दिव्यांशु नामदेव एवं उनके राजस्व अमले तथा पुलिस बल ने आज संयुक्त रूप से बांद्राभान पहुंचकर टपड़े नुमा झोपड़ी जो अवैध अतिक्रमण करके बनाई गई थी उसे हटाया। इस दौरान आसपास के लोगों ने सहयोग किया। राजस्व विभाग के अमले एवं पुलिस बल ने लोगों को हिदायत दी की वे दुबारा आसपास अवैध अतिक्रमण न करें अन्यथा प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## रोजगार मेला का आयोजन 20 नवम्बर को

जनसंपर्क नर्मदापुरम । जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेला का आयोजन 20 नवम्बर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था **ITI** सिवनीमालवा जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि रोजगार के इच्छुक युवक एवं युवतियां **https:@@forms-gle@MTwqXn4o9fCWHF3Q6** पर अपना पंजीयन कर सकते है।

रोजगार मेला में वर्धमान (बुदनी), ट्राइडेंट (बुदनी), नहर (मंडीदीप), ज़ील फौशन वेयर (धार), भास्कर प्राइवेट लिमिटेड (मंडीदीप), भारत फाइनेंशियल इनक्लूज़न, कौशल केंद्र जबलपुर, रिलायंस निप्पन लाईफ, प्रथम एजुकेशन भोपाल, भारतीय जीवन बीमा, नवकिसान बायोटेक, गोकलदास एक्सपोर्ट (भोपाल), एच.डी. एफ.सी. लाईफ, एस.बी.आई. लाईफ इंसोरेन्स, पुखराज, जिज्ञासा, एम. आई.सी/ऐक्सिस बैक, आई.सी.आई.सी.आई बैंक, दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना आदि कंपनियां उपस्थित रहेंगी।

## पचमढी महोत्सव में सभी एसोसियेशन सहभागिता निभाएं - कलेक्टर सोनिया मीना

कलेक्टर ने सभी को अपने कार्यो का प्रदर्शन करने के निर्देश दिए

जनसंपर्क नर्मदापुरम । नर्मदापुरम जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार विभिन्न गतिविधियों को बढावा दिया जा रहा है। पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा हर वर्ष दिसंबर माह में 4 दिवसीय पचमढी उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में पचमढ़ी उत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में पचमढ़ी के एमपीटी के चंपक होटल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसोसियेशन से पचमढी महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए अपनी सहभागिता निभाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी अपने कार्यो का प्रदर्शन करें। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा सभी का परिचय लिया गया एवं उनके सुझावों को सुना गया। कलेक्टर ने कहा कि सभी अपने अपने कार्यो को सोशल मीडिया पर डालकर अपनी अपनी खूबियों को बताएं ओर पर्यटकों को लाभ दिलाये।

जिला पंचायत के सीईओ श्री सौजान सिंह रावत ने बैठक में संबंधित विभाग के अधिकरियों को निर्देश दिए कि सभी अपने कार्यो का प्रदर्शन करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होने बताया कि पचमढी महोत्सव के आयोजन से व्यापार और व्यवसाय को बढावा मिलेगा। कलेक्टर ने बताया की पचमढी महोत्सव में पर्यटकों को आर्कर्षित करने के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पचमढी उत्सव के आयोजन के लिए एक समिति की गठन किया जाएगा। पचमढी उत्सव में संस्कृतिक विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बताया गया कि सभी संस्थाएं पचमढी महोत्सव का फ्लेक्स लगाकर सैल्फी पाईन्ट बनाएंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरन सिंह, एसडीएम पिपरिया अनीषा श्रीवास्तव, साढा पचमढी के सीईओ नीरज श्रीवास्तव, पीओ योगेन्द्र राय, जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, तहसीलदार वैभव बैरागी, उप संचालक कृषि जे. आर. हेडाऊ उपस्थित रहें।

## खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही 03 ट्रेक्टर ट्राली एवं 5 मोटर वोट जप्त किया गया

जनसंपर्क नर्मदापुरम जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर नर्मदापुरम से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज विभाग नर्मदापुरम द्वारा गत दिवस 07 नवम्बर को ग्राम-होरियापिपर से रेत का अवैध उत्खनन करने पर 03 ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर पुलिस थाना रामपुरगुर्रा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। एवं 09 नवम्बर को ग्राम बाबरी-डिमावर, तह०- सिवनीमालवा से नर्मदा नदी में रेत का अवैध उत्खनन करने पर 05 मोटर वोट जप्त कर पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त कार्यवाही में श्री दिवेश मरकाम खनिज अधिकारी, पिंकी चौहान खनिज निरीक्षक नर्मदापुरम, कृष्णकांत परस्ते प्रभारी खनिज निरीक्षक नर्मदापुरम, हेमन्त राज खनिज सिपाही तथा पुलिस एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा।

उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## नहरों में जल प्रवाह किया गया प्रारंभ

जनसंपर्क नर्मदापुरम । गत दिवस संभागायुक्त नर्मदापुरम श्री के.जी. तिवारी की अध्यक्षता मे जल उपयोगिता समिति की बैठक मे तवा दायी तट नहर प्रणाली मे रखी सिंचाई हेतु जल प्रवाह करने हेतु निर्देश दिए गए थे।

उक्त निर्देशों के परिपालन में गत दिवस 08 नवम्बर को तवा दायी तट नहर प्रणाली की नहरो मे जल प्रवाह प्रारंभ किया गया है। जिससे लगभग 59 हजार 340 हेक्टेयर रकबा रबी सिंचाई हेतु सिंचित किया जाएगा।

## युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना संचालित

युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नलशिप करने का अवसर मिलेगा

### बीमा कवर एवं स्कॉलरशिप भी मिलेगी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । प्रधानमंत्री इंटर्नलशिप एक महत्वाकांक्षी योजना है, वर्ष 2024 --25 के लिए इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया गया है। शीर्ष 500 कंपनियों में प्रधानमंत्री इंटर्नल शिप योजना की घोषणा की गई है। इसका उद्देश्य 5 वर्ष में देश की शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नल शिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को 12 महीने के लिए वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल, विभिन्न व्यवसायों और रोजगार के अवसरों का अनुभव मिलेगा। प्रधानमंत्री इंटर्नल शिप योजना कौशल विकास प्रशिक्षण इंटर्नशिप और छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि मौजूद योजनाओं से अलग योजना है। जो भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में क्रियान्वित की जा रही है और ऐसी सभी योजनाओं में स्वतंत्र रूप से संचालित होगी।

प्रधानमंत्री इंटर्नलशिप योजना की अवधि 12 महीने होगी। इस अवधि में युवा कम से कम आधा हिस्सा वास्तविक कार्य अनुभव नौकरी के माहौल में बिताएंगे। इस योजना में इंटर्नल को मासिक रूप से 5000 की सहायता राशि दी जाएगी तथा कंपनी की नीति के अनुरूप हर माह 500 दिए जाएंगे। इंटर्नलशिप स्थल पर इंटर्नल के कार्यभार ग्रहण करने पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सरकार द्वारा प्रत्येक इंटर्नल को आकस्मिक व्यय के लिए 26000 का एक मुश्त अनुदान वितरित किया जाएगा। इंटर्ननल के प्रशिक्षण की व्यवस्था कंपनी करेगी। इसके अलावा प्रत्येक इंटर्नल का भारत सरकार की बीमा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत प्रत्येक व्यक्तिगत इंटर्नल को बीमा कवरेज प्रदान किया जाएगा। इसके लिए प्रीमियम राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा कंपनी इंटर्नल को अतिरिक्त दुर्घटना बीमा कवरेज भी प्रदान कर सकती है। आवेदक को ऑनलाइन पोर्टल **www-pminternship-mca-gov-in** पर आवेदन करना होगा। आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही वह पूर्णकालिक रोजगार में नहीं होना चाहिए। पूर्णकालिक शिक्षण में भी नहीं होना चाहिए। ऐसे युवा आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, बीए, बीएससी, बीबीए, बीसीए, बी फार्मा आईटीआई का प्रमाण पत्र मान्य होंगे।

## बान्द्राभान मेला-2024 - वाहन किराया निर्धारित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बान्द्राभान मेला-2024 का आयोजन 13 नवम्बर से 16 नवम्बर तक माँ नर्मदा एवं तवा संगम स्थल पर किया जाएगा। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम निशा चौहान ने बताया है कि मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग द्वारा नगर वाहनों को छोड़कर सामान्य प्रक्रम वाहनों के लिए प्रथम 5 किलोमीटर के लिए न्यूनतम किराया 7 रूपए एवं उसके पश्चात प्रति यात्री प्रति किलोमीटर या उसके भागांश के लिए 1. 25 प्रति यात्री प्रति किलोमीटर निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार नर्मदापुरम से बांद्राभान के लिए प्रति यात्री 9.50 रूपए, इटारसी से बांद्राभान 32 रूपए, माखननगर से 38.25 रूपए, सिवनीमालवा से 69.50 रूपए, सोहागपुर से 72 रूपए, पिपरिया से 97 रूपए, बुधनी से 20.75 रूपए एवं भोपाल से बांद्राभान का किराया प्रति यात्री 103.50 रूपए निर्धारित किया गया है।

## जागरुकता लाने 12 नवम्बर से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा 'सांस' अभियान

जनसंपर्क नर्मदापुरम । निमोनिया के प्रारंभिक लक्षणों की समय पर पहचान, प्रारंभिक उपचार एवं उचित स्वास्थ्य संस्था में रेफर तथा निमोनिया के सबंध में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से 12 नवम्बर से 28 फरवरी तक 'सांस' अभियान चलाया जाएगा। अभियान का लक्ष्य वर्ष 2025 तक पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया से होने वाली मृत्यु को 5.1 प्रति हजार जीवित जन्म से 3 प्रति हजार जीवित जन्म लाना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार ने बताया कि बाल मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होने बताया कि पांच वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण है। निमोनिया के प्रकरण मुख्यतः सर्दी, अधिक प्रदूषण, धुएं वाले क्षेत्र एवं स्लम एरिया में अधिक होने की सभावना रहती है। सीएमएचओ ने बताया कि 'सांस' अभियान के तहत समुदाय स्तर पर प्रभावी रूप से बीमार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में निमोनिया के उपचार के लिये सिरप अमोक्सिसिलिन, इंजेक्शन जेन्टामाईसिन, पल्सऑक्सिमीटर एवं नेबुलाईजर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य केन्द्रों में मानक पद्धति द्वारा निमोनिया के लक्षणों के आधार पर उचित उपचार किया जाएगा। निमोनिया से बचाव, रोकथाम एवं उपचार के लिये निर्धारित की गई आई.ई.सी. की उपलब्धता एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक-प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला- होशंगाबाद (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959संपादक -प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail-pipariyaprakash@gmail.com

PIPARIY fina 14-11-2024 - Copy - Copy.pmd 8 11/13/2024, 6:46 PM